1873. राजस्थान में उन्नीसवीं पशुगणना किस वर्ष में की गई?

(a) 2011 (b) 2012
(c) 2013 (d) 2014

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (b) राजस्थान में उन्नीसवीं पशुगणना वर्ष 2012 में की गई थी। जिसका प्रकाशन वर्ष 2014–15 में किया था। 20वीं पशुगणना 2017 में हुई जिसकी रिपोर्ट अक्टूबर 2019 में प्रकाशित की गयी थी।

1874. राजस्थान में 20वीं पशुगणना (2017) के अनुसार निम्न में से कौन संख्या में सर्वाधिक है?

(a) ऊँट (b) भेड़
(c) गाय (d) बकरियाँ

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (d) राजस्थान में 20वीं पशुगणना के अनुसार बकरियों की संख्या सर्वाधिक है। बकरियों की संख्या के मामले में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। देश में बकरियों की कुल संख्या 2019 में 148.88 मिलियन है।

1875. निम्नांकित में से भैंस की कौन-सी प्रजाति दुग्ध उत्पादन के लिए सर्वश्रेष्ठ है?

(a) मेहसाना (b) सूरती
(c) मुर्रा (d) हरियाणवी

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) भैसों की संख्या की दृष्टि से भारत में राजस्थान का द्वितीय स्थान है। राज्य में सर्वाधिक भैसें अलवर जिले में है। राज्य में भैसों की नस्लों में मुर्रा नस्ल की भैसें अधिक दूध देने के लिए प्रसिद्ध है। अन्य प्रमुख नस्ले है- मेहसाना,जाफराबादी, सूरती आदि।

1876. निम्न में से गाय की कौन-सी प्रजाति जालौर, सिरोही, पाली व बाड़मेर जिलों में पाई जाती है?

(a) राठी (b) मेवाती
(c) थारपाकर (d) कांकरेज

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) कांकरेज नस्ल की गायें सिरोही, पाली, बाड़मेर एवं जालौर एवं जोधपुर में पायी जाती है। इस प्रजाति के बैल तेज चलने और बोझा ढोने की क्षमता के लिए जाने जाते है।

1877. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

	पशु	**नस्ल**
(a)	गाय	राठी
(b)	भैंस-	मुर्रा
(c)	भेड़	मगरा
(d)	ऊँट	जखराना

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (d) विभिन्न पशुओं की नस्लें निम्नलिखित हैं-
भैंस- जाफराबादी, मुर्रा,नागपुरी,सूरती,मेहसाना
गाय- राठी,थारपारकर, गीर,नागौरी,कांकरेज हरियाणवी, मालवी
बकरी- बारबरी, जखराना, कच्छी, मारवाड़ी सिरोही, सूरती
भेड़- चोकला, जैसलमेरी, मगरा, मालपुरी,यूगल, मारवाड़ी
ऊँट- जैसलमेर, मेवाड़ी, बीकानेरी

1878. निम्नलिखित में से कौन सी भेड़ की नस्ल 'चकरी' के नाम से जानी जाती है?

(a) मगरा (b) नाली
(c) सोनाडी (d) चोकला

RPSC, RAS/RTS 1997-98
कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (a) मगरा भेड़ को 'चकरी' के नाम से भी जाना जाता है। मगरा राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पायी जाती है। मगरा राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर व जैसलमेर में पाई जाती है।

1879. निम्न में से किस जिले में, राजस्थान की XX वीं पशुगणना (2017) के अनुसार सर्वाधिक पशुधन संख्या है?

(a) धौलपुर (b) बाड़मेर
(c) नागौर (d) जयपुर

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (b) 20 वीं पशुधन गणना 2019 के अनुसार, राजस्थान में कुल पशुधन 56.8 मिलियन है। जिसमें बाड़मेर जिलें में सर्वाधिक पशु सम्पदा पायी जाती है। तत्पश्चात जोधपुर जिले का स्थान आता है। इसका कुल पशुधन की संख्या की दृष्टि से देश में दूसरा स्थान है। उपर्युक्त दिए गए जिलों में से बाड़मेर में सर्वाधिक पशुधन संख्या है।

1880. वर्ष -2012 की पशु गणना (अन्तिम) के अनुसार राजस्थान में सबसे अधिक पशु संख्या है-

(a) गौवंश की (b) भैंस की
(c) भेड़ों की (d) बकरियों की

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016
JEN Civil Degree Exam- 2016

Ans. (d) वर्ष 2012 की गणना के अनुसार राजस्थान में सबसे अधिक पशु संख्या बकरी की है। वर्ष-2019 की गणना के अनुसार राजस्थान में कुल पशु संख्या 57.73 मिलियन है जिसमें बकरी % (37.53%) सर्वाधिक है। गौवंश (23.08%) भैंस (22.48%) भेड़ (15.73%) है।

1881. दुग्ध उत्पादन हेतु राजस्थान में गाय की कौन सी नस्लें सुप्रसिद्ध हैं-

(a) थारपारकर और राठी (b) राठी और नागौरी
(c) मालवी और थारपारकर (d) मेवाती और मालवी

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (a) दुग्ध उत्पादन हेतु राजस्थान में थरपारकर और राठी नस्ल की गायें सुप्रसिद्ध हैं। थारपारकर गायें प्रमुख रूप से जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर और जालौर में पाई जाती हैं। जबकि राठी गायें बीकानेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर व चुरु के कुछ भागों में पायी है।

1882. राजस्थान में ऊँट की कौन-सी नस्ल तेज दौड़ने में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है-

(a) बीकानेरी (b) कच्छी
(c) जैसलमेरी (d) अलवरी

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (c) राजस्थान में ऊँट की जैसलमेरी नस्ल सवारी ढोने और रेतीले भागों में तेज दौड़ने के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। यद्यपि सभी ऊंटों की प्रजातियों में सबसे तेज दौड़ने के लिए नांचना ऊंट प्रसिद्ध है। इनका प्रयोग BSF जवानों द्वारा किया जाता है।

1883. मेवात नस्ल के गौवंश, भैंस व बकरी राजस्थान के किन जिलों में पाए जाते हैं-